भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2387

उत्तर देने की तारीख-03/08/2026

उच्च शिक्षण संस्थानों में संकाय की स्थिति

†2387. **श्री गुरमीत सिंह मीत हायेर:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केंद्रीय विश्वविद्यालयों, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) और भारतीय प्रबंध संस्थानों (आईआईएम) सहित केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) में सामाजिक वर्ग-वार (एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस और सामान्य) संकाय के स्वीकृत पदों की कुल संख्या, वर्तमान कार्यशील संख्या और रिक्तियों की संख्या कितनी है;

(ख) संकाय के रिक्त पदों को भरने के संबंध में 15 जनवरी 2026 को उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी निर्देश के पश्चात् अनुपालन स्थिति क्या है और की-गई-कार्रवाई रिपोर्ट का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक या विधायी तंत्र स्थापित किए हैं कि भविष्य में शिक्षण पद में बैकलाग न हो या ये रिक्त न रहें और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (ग): केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयू), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) सहित शिक्षा मंत्रालय के अधीन केंद्रीय उच्चतर शिक्षा संस्थान (सीएचईआई) संसद के संबंधित केंद्रीय अधिनियमों के तहत स्थापित सांविधिक स्वायत्त संगठन हैं और इसके अंतर्गत बनाए गए अधिनियमों/संविधियों/अध्यादेशों/विनियमों आदि के प्रावधानों द्वारा शासित होते हैं। स्वायत्त संस्थाओं के रूप में, संकाय भर्ती संस्थानों के भीतर ही उनके अधिनियमों और विनियमों के अनुसार की जाती है। इन पदों पर भर्ती के लिए प्राधिकार संबंधित शासी बोर्ड/कार्यकारी समिति/प्रबंधन बोर्ड के पास निहित है।

रिक्तियों का होना और उन्हें भरना एक सतत् प्रक्रिया है। रिक्तियां पदोन्नति, सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र, मृत्यु, नई संस्थाओं, योजनाओं या परियोजनाओं की शुरुआत और छात्रों की बढ़ी हुई संख्या और मौजूदा संस्थानों में क्षमता के विस्तार के कारण अतिरिक्त आवश्यकताओं के कारण उत्पन्न होती हैं।

भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अमित कुमार और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य (वर्ष 2025 की आपराधिक अपील संख्या 1425) के मामले में दिनांक 15.01.2026 के अपने आदेश में, अन्य बातों के साथ-साथ, कुलपतियों, रजिस्ट्रारों, अन्य प्रमुख संस्थागत/प्रशासनिक पदों और संकाय पदों में रिक्तियों को भरने के संबंध में निदेश जारी किए हैं।

उपर्युक्त आदेश के अनुपालन में, मंत्रालय ने आदेश को सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के उच्चतर और तकनीकी शिक्षा विभागों, शिक्षा मंत्रालय के अधीन केन्द्रीय वित्तपोषित उच्चतर शिक्षा संस्थाओं, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) जैसे विनियामक निकायों को आवश्यक अनुपालन के लिए अग्रेषित किया है।

अगस्त 2021 में, शिक्षा मंत्रालय के तहत सभी सीएचईआई से अपने संस्थानों में बैकलॉग रिक्तियों को मिशन मोड में भरने के लिए विशेष अभियान चलाने का अनुरोध किया गया था। सीएचईआई ने अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सहित रिक्तियों को भरने के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाया। सितंबर 2022 में, शिक्षा मंत्रालय ने भी सभी सीएचईआई को मिशन मोड में रिक्तियों को भरने के लिए प्रोत्साहित किया था। अक्टूबर 2025 में सभी सीएचईआई से पुनः मिशन मोड में सभी बैकलॉग रिक्तियों को भरने का अनुरोध किया गया है। सितंबर 2022 से, सभी सीएचईआई ने रिक्तियों को भरने के लिए मिशन मोड भर्ती अभियान चलाया है। सभी सीएचईआई द्वारा दिनांक 23.05.2026 तक (अर्थात् पिछले रोजगार मेले की तारीख), मिशन मोड में 18757 संकाय पदों (2315 एससी, 910 एसटी, 3986 ओबीसी, 568 ईडब्ल्यूएस) सहित कुल 32114 पद (3851 एससी, 1643 एसटी, 6785 ओबीसी, 1191 ईडब्ल्यूएस) भरे गए हैं।

केन्द्रीय वित्तपोषित उच्चतर शिक्षा संस्थाओं में गुणवत्तापूर्ण संकाय को आकर्षित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं जिनमें वर्ष भर खुले विज्ञापन, खोज-सह-चयन प्रक्रियाओं के माध्यम से भर्ती, विशेष भर्ती अभियान, मिशन मोड भर्ती और पूर्व छात्रों/वैज्ञानिकों/संकाय को आमंत्रित करना आदि शामिल हैं। सीएचईआई द्वारा बहु-चरणीय और मजबूत स्क्रीनिंग प्रक्रिया के हिस्से के रूप में पारदर्शी तरीके से आवेदन आमंत्रित करके संकाय भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाती है। विभिन्न संस्थानों के अधिनियमों और संविधियों, चयन समितियों की संरचना, विभिन्न स्तरों संकाय की भर्ती के लिए जिम्मेदार प्राधिकरणों, स्वतंत्र विषय विशेषज्ञों और विजिटर के द्वारा मनोनीत आदि के प्रावधान को स्पष्ट करते हैं ताकि भर्तियों में पारदर्शिता और अकादमिक गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। यूजीसी ने संकाय भर्ती के लिए एक सामान्य पोर्टल 'सीयू-चयन' शुरू किया है, जिसमे सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों में रिक्तियों/विज्ञापनों/नौकरियों को सूचीबद्ध करने का प्रावधान किया गया है, जिससे पूरी भर्ती प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुलभ हो गई है।

*****